दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 16 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 289

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आईं 2 कारें, वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के खरदाहा रेलवे स्टेशन के पास 2 कारें एक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गईं। हालांकि गनीमत ये रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि ट्रेन कारों को टक्कर मारते हुए निकल जाती है।मामला खरदाहा रेलवे स्टेशन के पास का है। गेटमैन द्वारा अचानक गेट नीचे करने के बाद एक खुले लेवल क्रॉसिंग पर दो कारें हजारदुयारी एक्सप्रेस से टकरा गईं। कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कई घायलों को बलराम सेवा सदन अस्पताल ले जाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, ये हादसा उस वक्त हुआ जब कार के ड्राइवर ने लेवल क्रॉसिंग गेट बंद करते समय गेटमैन के रुकने के आदेश को नहीं माना। जिसके बाद ये हादसा हो गया। इसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग कार ड्राइवर की लापरवाही को लेकर सवाल उठा रहे हैं। इस लापरवाही की वजह से कई लोगों की जान जा सकती थी और बड़ा नुकसान हो सकता था।

### शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को फिर झटका, 22 जुलाई तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कोर्ट से एक बार फिर से झटका लगा है। दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई के मामले में राउज़ ऐवन्यू कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। बता दें कि मनीष सिसोदिया को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश किया गया था। राउज ऐवन्यू कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी। हाल ही में दिल्ली शराब घोटाला मामले में जमानत के लिए दिल्ली हाई कोर्ट से निराश हुए दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मनीष सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी जमानत की गुहार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी मामले में जमानत की मांग करते हुई दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। बता दें कि दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया को बीते साल दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीबीआई ने 26 फरवरी और 9 मार्च को श्वष्ठ ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्होंने केजरीवाल की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। फिलहाल सिसोदिया तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### गाजा में स्कूल पर इजरायली हमले में 12 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** सेंट्रल गाजा में एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 12 फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। इस स्कूल में विस्थापित लोग रह रहे थे। इजरायली विमानों ने नुसेरात शरणार्थी शिविर में मिसाइल से बमबारी की, जिसे संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी फॉर फिलिस्तीन रिफ्यूजीज इन द नियर ईस्ट (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित किया जाता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित कुछ वीडियो फुटेज में स्कूल पर बमबारी दिखाई गई है, इसमें स्कूल के कुछ हिस्से नष्ट हो गए। इस हमले पर इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। यूएनआरडब्ल्यूए ने इजरायली हमले की निंदा की और जोर देकर कहा कि गाजा में कोई सुरक्षित जगह नहीं है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के सलाहकार अदनान अबू हस्ना ने सिन्हुआ को बताया, संयुक्त राष्ट्र एजेंसी अपने काम की जगह के बारे में जानकारी रोजाना इजरायली सेना को भेजती है, फिर भी सेना इसे और संयुक्त राष्ट्र दफ्तर को निशाना बनाती है। इससे एक दिन पहले खान यूनिस के मावासी क्षेत्र में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर बमबारी में कम से कम 90 फिलिस्तीनी मारे गए और 300 अन्य घायल हो गए थे, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। इधर, इजराइली सुरक्षा बलों ने पुष्टि की है कि उसने गाजा पट्टी में हवाई हमलों में हमास के खान यूनिस ब्रिगेड के कमांडर राफा सलामेह को मार गिराया। एक बयान में, इजराइली सेना और शिन बेट आंतरिक सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को कहा कि सलामेह खान यूनिस के क्षेत्र में मारा गया। इजरायली मीडिया ने बताया कि खान यूनिस हमले में हमास के सैन्य विंग के कमांडर मोहम्मद डेफ और सलामेह इजरायली हवाई हमले के निशाने पर थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी-हिंडनबर्ग मामले पर आदेश के खिलाफ समीक्षा याचिका की खारिज

**नई दिल्ली । आरएनएस**



सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में 3 जनवरी के उसके आदेश के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका सोमवार को खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने उस आदेश में मामले की जांच के लिए एसआईटी या विशेषज्ञों के किसी समूह के गठन से इनकार कर दिया था।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने समीक्षा याचिका पर विचार के बाद कहा कि रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखती। खंडपीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

शीर्ष अदालत ने कहा, ...समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता। इसलिए समीक्षा याचिका खारिज की जाती है।

इससे पहले 3 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने अपने विस्तृत आदेश में कहा था कि संगठित अपराध एवं भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) और हिंडनबर्ग रिसर्च जैसे तीसरे पक्ष के संगठनों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को निर्णायक सबूत नहीं माना जा सकता है।

उसने कहा कि जनहित याचिका दायर करने वाले ने अखबार की लेख या रिपोर्ट पर भरोसा किया है जो सेबी की विस्तृत जांच पर सवाल उठाने के योग्य नहीं है।

शीर्ष अदालत ने कहा था कि जांच सेबी की बजाय किसी और को सौंपने की आवश्यकता महसूस नहीं हो रही है। उसने सेबी से जांच को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने के लिए कहा था।

उसने अपुष्ट और असंबंधित तथ्यों के आधार पर जनहित याचिका दायर करने के प्रति चेतावनी देते हुए कहा कि इसके गलत परिणाम हो सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए.एम. सप्रे की अध्यक्षता वाले विशेषज्ञ पैनल द्वारा दिए गए सुझावों पर रचनात्मक रूप से विचार करने को कहा।

आदेश में केंद्र सरकार और सेबी से निवेशकों की सुरक्षा के लिए नियामक ढांचे को मजबूत करने और प्रतिभूति बाजार के व्यवस्थित कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया।

शीर्ष अदालत ने सेबी और केंद्र सरकार की अन्य जांच एजेंसियों से शॉर्ट सेलिंग के आरोपों की जांच करने को कहा, जिसके परिणामस्वरूप निवेशकों को काफी नुकसान हुआ था।

## ट्रक और बस के बीच जोरदार टक्कर, 5 लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत; 8 गंभीर रूप से घायल

**आणंद । आरएनएस**



अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर आणंद के पास ट्रक और लक्जरी बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत पर मौत हो गई और आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए आणंद के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यह हादसा लग्जरी बस में पंचर होने की वजह से सुबह लगभग 4:30 बजे हुआ।

रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र से राजस्थान जा रही बस पीछे से टक्कर लगने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस पंचर होने के कारण हाईवे के किनारे खड़ी हुई थी। ड्राइवर, क्लीनर और यात्री बस के नीचे खड़े हुए थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने बस को टक्कर मार दी और यह हादसा हो गया। सूचना मिलने पर हाईवे पेट्रोलिंग की टीम, आणंद फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस समेत आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पहुंची पुलिस की टीम ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रांची में बारातियों से भरी बस में दौड़ा करंट, तीन की मौत, छह झुलसे

**रांची । आरएनएस**



रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में बारातियों से भरी एक बस में बिजली करंट प्रवाहित होने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए रिम्स, रांची लाया गया है।

हादसा रविवार देर रात का है। बताया गया कि झारखंड के सरायकेला जिले के कुचई थाना क्षेत्र से बारात बस तमाड़ थाना क्षेत्र के चोगागुटू गांव जा रही थी। कई लोग बस की छत पर बैठे थे।

गांव की सीमा के ठीक पहले बस नीचे की तरफ झूल रहे बिजली के तार के संपर्क में आ गई और पूरी बस में करंट दौड़ गया। बस की छत पर बैठे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 12 साल का बच्चा भी शामिल है। हादसे में जान गंवाने वालों के नाम- दिनेश सिंह मुंडा (36), मंडा मुंडा (25) और जितेन सिंह मुंडा (12) है।

झुलसे लोगों में लंबार मुंडा, शंकर मुंडा, सुभाष मुंडा, उपेन मुंडा और चरण मुंडा शामिल हैं। बस पर सवार कई अन्य लोगों को झटके लगे और चीख-पुकार मच गयी। तत्काल बस को रोककर उस पर सवार लोगों को सुरक्षित उतारा गया। बताया गया कि 55 लोगों की क्षमता वाली बस में 80 से 90 लोग सवार थे। बस की छत पर भी 20 से ज्यादा लोग बैठे थे।

## नोएडा में साइबर ठगों का आतंक : नैनीताल बैंक के सर्वर को हैक कर निकाली 16.50 करोड़ की रकम

**नोएडा । आरएनएस**



साइबर ठगों ने लगातार ठगी कर नोएडा में आतंक मचा रखा है और इस बार ठगों ने नोएडा में नैनीताल बैंक के सर्वर को हैक कर 16 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम 89 अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर ली। इनके खिलाफ बैंक के आईटी विभाग के मैनेजर ने मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि साइबर ठगों ने 89 अलग-अलग खातों में सर्वर को हैक कर रकम ट्रांसफर की है। इसके लिए पुलिस ने टीमों का गठन किया है और उन्हें पकडऩे की कोशिश की जा रही है।

साइबर सेल के एसीपी विवेक रंजन ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-62 स्थित नैनीताल बैंक मैनेजर द्वारा थाना साइबर में सूचना दी गयी कि बैंक का सर्वर हैक कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने 16.50 करोड़ रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर किए हैं। इसको संज्ञान में लेते हुए मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने कहा, मामले के खुलासे के लिए टीमों का गठन भी किया गया है। साक्ष्य संकलन करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

एसीपी विवेक रंजन ने बताया कि अभी तक की जांच में 89 खातों में पैसों को ट्रांसफर करने की बात सामने आई है। इसकी जांच अभी जारी है।

दरअसल सेक्टर-62 स्थित नैनीताल बैंक के आईटी मैनेजर सुमित कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि 17 जून को आरटीजीएस खाते के नियमित समाधान के दौरान बैलेंस शीट में करीब 3.61 करोड़ रुपए का अंतर पाया गया था। इसके बाद आरटीजीएस टीम ने स्ट्रक्चर्ड फाइनेंशियल मैसेजिंग सिस्टम सर्वर के साथ कोर बैंकिंग सिस्टम में लेनदेन की जांच की। 18 जून को जब फिर से जांच की गई तो इसमें भी बैलेंस शीट में अंतर मिला। बैंक की अभी तक जांच में 16 करोड़ से ज्यादा की रकम ट्रांसफर की गई है।

गौरतलब है कि अभी तक साइबर ठग लोगों को अलग-अलग माध्यम से अपना निशाना बनाते आए थे। लेकिन अब बैंक के सर्वर को हैक कर 16 करोड़ से ज्यादा की रकम उड़ा लेना अपने आप में एक बड़ा मामला है। पुलिस टीम के लिए भी यह काफी बड़ी चुनौती मानी जा रही है।

## हमले के बाद डोनाल्ड ट्रंप का पहला इंटरव्यू , बोले मुझे तो मर जाना चाहिए था

**न्यूयॉर्क**



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पश्चिमी पेंसिल्वेनिया में शनिवार को एक चुनावी रैली के दौरान हुए जानलेवा हमले की दुनिया के तमाम शीर्ष नेताओं ने निंदा की है। वहीं हमले के बाद ट्रंप ने अपना पहला इंटरव्यू दिया है।

रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए मिल्वौकी जाते समय न्यूयॉर्क पोस्ट को ट्रंप ने इंटरव्यू दिया। इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि मुझे यहां नहीं रहना। मुझे तो मर जाना चाहिए था, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे भगवान ने बचाया। उन्होंने कहा जब मुझ पर हमला हुआ तब सबसे आश्चर्यजनक यह हुआ कि मैंने न केवल अपना सिर घुमाया, बल्कि बिल्कुल सही समय पर और सही अनुपात में घुमाया वरना जो गोली मेरे कान को छूकर गई, वह आसानी से मेरी जान भी ले सकती थी। इस दौरान ट्रंप ने अपने दाहिने कान को एक सफेद पट्टी से ढक रखा था। इस दौरान पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अस्पताल के डॉक्टर ने भी उनसे कहा कि उन्होंने ऐसा कभी नहीं देखा। हमले में उनका बचना एक चमत्कार की तरह है। उन्होंने कहा कि लोग कह रहे हैं कि भगवान की कृपा से मैं अभी भी यहां हूं, वरना तो मुझे यहां नहीं होना था।

वहीं हमले के समय मुट्ठी उठाकर अपना जोश दिखाने वाली तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यह अब तक देखी गई सबसे प्रतिष्ठित तस्वीर है। वो एक सच्ची तस्वीर है, मैं नहीं मरा। आमतौर पर आपको एक सच्ची तस्वीर पाने के लिए मरना पड़ता है। ट्रंप ने बताया कि वह गोलीबारी के बाद बोलना जारी रखना चाहते थे लेकिन सीक्रेट सर्विस ने उन्हें अस्पताल जाने पर जोर दिया। इस दौरान ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हमले के बाद उन्हें फोन करने की सराहना भी की।

### इस्कॉन का बड़ा दावा, 'भगवान जगन्नाथ ने बचाई डोनाल्ड ट्रंप की जान'

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले को लेकर इस्कॉन मंदिर कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप की जान भगवान जगन्नाथ ने बचाई है। इसके लिए उन्होंने 1976 की रथयात्रा का जिक्र किया। बता दें कि एक चुनावी रैली में ट्रंप के ऊपर फायरिंग हुई थी। इस घटना में ट्रंप के कान में चोट लगी थी।

इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखी है। इसमें उन्होंने लिखा है कि ठीक 48 साल पहले ट्रंप ने जगन्नाथ रथयात्रा को बचाया था। आज जबकि पूरी दुनिया जगन्नाथ रथयात्रा समारोह मना रही तो भगवान ने उनके ऊपर आशीर्वाद बरसाया है और उनकी जान बचाई है। इसके साथ ही उन्होंने 1976 के उस पुराने वाकये को भी याद किया है, जब ट्रंप ने अपना अहम योगदान दिया था। राधारमण दास ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा है कि 1976 में न्यूयॉर्क की गलियों में भगवान जगन्नाथ की यात्रा शुरू होने वाली थी। डोनाल्ड ट्रंप की उम्र उस वक्त 30 साल थी और वह एक उभरते हुए रियल एस्टेट मुगल थे। तब रथयात्रा को लेकर कुछ चुनौतियां सामने आ रही थीं। आगे उन्होंने लिखा है कि फिफ्थ एवेन्यू रोड पर रथयात्रा के लिए मंजूरी मिलना किसी चमत्कार से कम नहीं थी।

## गोरखपुर एक्सप्रेस में आग लगने से मची अफरातफरी, पहियों से धुआं निकलता देख सहम गए यात्री

**मुंबई । आरएनएस**



मुंबई में बड़ा रेल हादसा होते होते बचा है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह महाराष्ट्र के ठाणे जिले में लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस के एक कोच में ब्रेक बाइंडिंग के कारण पहियों के पास आग लग गई।

मध्य रेलवे (सीआर) के प्रवक्ता ने बताया कि सुबह करीब 6 बजकर 30 मिनट एस-8 कोच के ब्रेक बाइंडिंग के कारण गोरखपुर जाने वाली ट्रेन को ठाकुरली स्टेशन (ठाणे जिले में) के पास रोक दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि आग को तुरंत बुझा दिया गया, साथ ही सभी यात्री सुरक्षित हैं।

सूत्रों के मुताबिक, पहियों से भारी धुआं निकलता देख कुछ यात्री घबरा गए और उन्होंने तुरंत ट्रेन में मौजूद रेलवे कर्मचारियों को इसकी सूचना दी और रुकते ही बाहर निकलने लगे। मध्य रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करके इसे तुरंत बुझा दिया गया। उन्होंने कहा कि ट्रेन 20 मिनट बाद अपनी आगे की यात्रा के लिए रवाना हो गई।

## केदारनाथ से गायब हो गया 164 करोड़ का सोना, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने लगाया सनसनीखेज आरोप

**नई दिल्ली । आरएनएस**



ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वी ने एक सनसनीखेज आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ मंदिर में सोना का घोटाला हुआ है। मंदिर से 228 किलो सोना (कीमत 164 करोड़ रुपए) गायब है। क्यों इस मुद्दे को नहीं उठाया जाता, क्यों इस मामले की जांच नहीं होती।

दिल्ली में बन रहे केदारनाथ मंदिर से नाराज शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि केदारनाथ मंदिर में सोने का घोटाला हुआ है। वहां घोटाला करने के बाद अब दिल्ली में केदारनाथ मंदिर बनेगा, फिर एक और घोटाला होगा। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। क्यों नहीं इस मामले में अब तक जांच बैठाई गई। क्यों इस मुद्दे को मीडिया नहीं उठाता। अब वे कह रहे हैं कि दिल्ली में केदारनाथ बनाएंगे, ऐसा नहीं हो सकता।

दिल्ली के मंदिर को लेकर क्या कहा : शंकराचार्य ने दिल्ली में बन रहे मंदिर को लेकर पहले कहा था कि केदारनाथ धाम की गरिमा और महत्व को कम करने का कुत्सित प्रयास है। शंकराचार्य ने कहा कि मध्य हिमालय स्थित केदारनाथ बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इसको पुराण में हिमालय तू केदारम कहा गया है।

केदारनाथ स्थित ज्योतिर्लिंग सतयुग का ज्योतिर्लिंग कहा गया है। उन्होंने कहा कि 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक केदारनाथ धाम के अस्तित्व और महत्व को कम करने की किसी भी योजना को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

## अमरनाथ यात्रा पर आने वाले भक्तों में उत्साह बरकरार, 16 दिन में 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू । आरएनएस**



अमरनाथ यात्रा पर आने वाले भक्तों में उत्साह बरकरार है। बीते 16 दिनों में तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। वहीं 4,875 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को घाटी के लिए रवाना हुआ। दोनों यात्रा मार्गों पर रुक-रुक कर हो रही बारिश और गरज के साथ छींटे पडऩे के बावजूद रविवार को 15 हजार से ज्यादा उत्साही तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए।

अधिकारियों ने बताया कि 4,875 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। पहला सुरक्षा काफिला सुबह 3:05 बजे 68 वाहनों में 1,918 यात्रियों को लेकर उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। जबकि दूसरा सुरक्षा काफिला सुबह 3:50 बजे 94 वाहनों में 2,957 यात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। दोनों सुरक्षा काफिले दोपहर तक घाटी में पहुंच जाते हैं।

यह पवित्र गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या फिर उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं।

श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार से पांच दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग गुफा मंदिर के अंदर 'दर्शन' करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं। इस वर्ष की यात्रा 52 दिनों के बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन त्योहार के साथ संपन्न होगी।